C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 220 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 23 फरवरी 2024

सलमान खान ने बना दिया...पेज-3 पर

## भाजपा महामंत्री संगठन संतोष ने ली प्रमुख अभियानों की जानकारी

देहरादून/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी एल संतोष ने चुनावी दृष्टि से पार्टी के अभियानों की टोली और लोकसभा स्तरीय टीम की समीक्षा बैठक ली है । इस दौरान उन्होंने सभी सांगठनिक कार्यक्रमों में तेजी लाने के साथ साथ 28 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे को अंतिम रूप दिया। दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन संतोष ने पार्टी मुख्यालय में दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शिरकत की । जिसके तहत सर्वप्रथम राज्य में संचालित पांच प्रमुख अभियानों के



संयोजक एवं सह संयोजकों से विस्तार से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए । जिसके उपरांत उन्होंने लोकसभा चुनाव संयोजक, सहसंयोजक, लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी एवं लोकसभा विस्तारकों समेत प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली । जिसमे उन्होंने पार्टी की लोकसभा चुनाव के तैयारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे को अंतिम रूप दिया । प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुई इस बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम प्रदेश अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट,प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार कुमार, नीरू देवी, पुनीत मित्तल, साकेत अग्रवाल, कौस्तिभानंद जोशी, ज्योति गैरोला, समीर आर्य, राकेश गिरी, जोगेंद्र पुंडीर, शशांक रावत, आदित्य चौहान, मधु भट्ट, विनोद उनियाल, पुष्कर काला, आशा नौटियाल, चंडी प्रसाद भट्ट समेत गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, महिला सहायता समूह एवं गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान, पार्टी जॉइनिंग अभियान एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए ।

बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि बैठक में राज्य में जारी 5 प्रमुख अभियानों को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन श्री संतोष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। भट्ट ने जानकारी दी कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा अपने एक दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं । इस दौरान वे सबसे पहले हल्द्वानी में कुमायूं कलस्टर की दोनों सीटों से जुड़े बूथ अध्यक्ष से ऊपर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमे 20 हजार से अधिक संख्या शामिल होने की तैयारी है । इसके उपरांत अपराह्न 4 बजे हरिद्वार में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी । तदोपरांत वे देहरादून में टिहरी लोकसभा से संबंधित न्यूनतम 2 हजार संख्या वाले प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करेंगे ।

### News कॉर्नर

#### ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी

**हल्द्वानी।** बाइक में टक्कर मारकर सवार को घायल करने के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुरानी आईटीआई रोड बरेली रोड गौजाजाली निवासी रेखा देवी पत्नी प्रकाश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 18 फरवरी को उसका पुत्र यश आर्या अपनी बाइक से रात्रि. 11 बजे काम से घर लौट रहा था। घान मिल के पास ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### परिवहन निगम खरीदेगा 130 नयी बसें, दिल्ली रूट के लिए आएंगी सीएनजी बसें

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम निदेशक मंडल की बैठक में 130 बसें खरीदने के साथ ही पर्वतीय मार्गों से दिल्ली रूट के लिए 100 बसें डीजल तथा मैदानी मार्गो से इसी रूट के लिए 75 व अनुबंधित 100 सीएनजी बसें खरीदने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा निगम के नियमित कर्मियों को सातवें वेतनमान का दिनांक एक जनवरी 2017 से 30 सितंबर 2017 तक की अवधि के एरियर का भुगतान दो किस्तों में 50 प्रतिशत इस साल जून माह तथा शेष नवंबर में आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत किये जाने का भी निर्णय लिया गया है। सचिवालय देहरादून में हुई बैठक में निगम के एमडी आनंद श्रीवास्तव, सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकी, अपर सचिव इकबाल अहमद व उमेश नारायण पांडेय, संयुक्त सचिव श्याम सिंह आदि मौजूद थे। इधर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना ने निदेशक मंडल की बैठक में निगम हित में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे रोडवेज की आर्थिक स्थिति में खासा सुधार होगा।

बोले- एक दूसरे की उंगली पकड़कर पाना है लक्ष्य

## पीएम मोदी ने काशी से देश को दिया संदेश, शंखवादन से स्वागत

वाराणसी
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए हैं। शुक्रवार की सुबह पीएम बीएचयू के स्वतंत्रता भवन पहुंचे। यहां पीएम ने सांसद ज्ञान प्रतियोगिता, संस्कृत प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ ही संस्कृत विद्यालय के छात्रों को पुरस्कृत किया। इसके बाद संत रविदास मंदिर पहुंचे। मंदिर में दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

पीएम मोदी सीरगोवर्धन से निकलकर अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

पीएम ने कहा कि काशी का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी यह विशेष जिम्मेदारी बनती है कि मैं आप सभी की सुविधाओं का ख्याल रखूं, यह मेरा दायित्व है। इस पावन समय पर मुझे अपना दायित्व पूरा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि आज वाराणसी से हजारों करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास होने जा रहा है जिससे जनता को लाभ मिलेगा। इस



योजना में रविदास मंदिर के लिए भी कार्य होगा। सड़कों से लेकर भजन-कीर्तन के लिए भी सुविधाएं दी जाएंगी ताकि भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिले साथ ही उनकी कई परेशानियों से छुटकारा मिल सके। गुरु संत रविदास जयंती पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने बनारस को मिनी पंजाब कहा। कहा कि संत रविदास की कृपा से ही यह सम्भव है। मैं रविदास की संकल्पों को आगे बढ़ा रहा हूं। मुझे उन्होंने ही सेवा का अवसर दिया है। यह मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। सीरगोवर्धन में शंखवादन से पीएम का स्वागत हुआ। नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जो तीसरी बार संत रविदास की जयंती पर सीरगोवर्धन पहुंचे। यहां जनरल सेक्रेटरी सतपाल बिरदी ने गुरु दरबार की तरफ से पीएम मोदी को सरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

पीएम मोदी ने संत रविदास मंदिर से निकलकर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान लोग काफी उत्साहित दिखे। बीएचयू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जिस काशी को समय से भी प्राचीन कहा जाता है, जिसकी पहचान को युवा पीढ़ी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है। ये दृश्य हृदय में संतोष भी देता है, गौरव की अनुभूति भी कराता है और यह विश्वास भी दिलाता है कि अमृत काल में सभी युवा देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

## टेंडर से पहले काम, नगर निगम अफसरों पर लगे घपले के आरोप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**आरोप**
- आरटीआई कार्यकर्ता ने डीएम/प्रशासक से की शिकायत
- मछली बाजार के समाने वेंडिंग जोन का मामला,नगर आयुक्त ने आरोपों को किया खारिज

नगर निगम की ओर से सिंचाई विभाग और बिजली विभाग के बीच बनाए जा रहे फड ठेली व्यवसायियों के लिए वेंडिंग जोन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता व पूर्व सभासद रामबाबू ने उक्त काम पर पहले हो चुके काम के टेंडर निकालकर बड़े गोलमाल की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी/नगर निगम के प्रशासक उदयराज सिंह को पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि नगर निगम की ओर से मछली मार्केट के समाने यानी नैनीताल दिल्ली रोड पर बनाए जा रहे वेंडिंग जोन में मिट्टी भराई का टेंडर 17 फरवरी को खोला गया है। आईटीआई कार्यकर्ता ने डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 17 फरवरी से पहले ही मौके पर मिट्टी भरान का काम पूरा हो चुका था, यानी काम पहले और टेंडर बाद में हुआ है।

इतना ही नहीं नगर निगम में इसको लेकर ठेकेदारों के बीच विवाद होने की खबर भी समाने आई थी, बताया जा रहा कि जिस ठेकेदार ने टेंडर से पहले मिट्टी भरान का काम किया था,वह टेंडर को पूल कराकर अपने नाम करना चाहता था, इसके लिए टेंडरों की ब्रिकी भी नहीं हुई।पहले हो चुके काम का टेंडर होने की खबर जब पूर्व सभासद एवं आरटीआई कार्यकर्ता रामबाबू ने मौके की टेंडर से पहले ही वीडियोग्राफी कर ली। उन्होंने डीएम को वीडियोग्राफी समेत शिकायती पत्र दिया और पूरे मामले की जांच की मांग उठाई।

इधर नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल से इस मामले की जानकारी चाही उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि वेंडिंग जोन को गरीबों की रोजी रोटी चल सके, इसलिए जनहित में बनाया जा रहा है। मछली मार्केट के समाने वेंडिंग के लिए पहले मिट्टी भरान का काम कुटेशन पर कराया गया था, लेकिन बाद में बाद में जगह बढ़ने पर टेंडर कराया गया। उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

## रुद्रपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में चालक की मौत, हत्या का आरोप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

गदरपुर रोड पर संदिग्ध हालातों में एक वाहन चालक पड़ा था। 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार वाले भी पहुंच गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से ग्राम शिला नबदिया नवाबगंज बरेली निवासी 45 वर्षीय महेंद्र पाल पुत्र सुमेरी लाल आरएस लॉजिस्टिक कंपनी में वाहन चलाता था। शुक्रवार सुबह सुबह महेंद्र गदरपुर रोड धौलपुर के पास बेसुध पड़ा था। राह चलते लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महेंद्र को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पुत्र पंकज और भाई भी मौके पर पंहुचा। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि एसआई जितेन्द्र सिंह खत्री ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के तीन बेटे और एक बेटी है। परिजनों ने महेन्द्र की मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

## दो लोगों की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** अलग-अलग घटनाओं में विषपान से गंभीर दो लोगों की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 76 वर्षीय माधवी देवी पत्नी जायदात भट्ट निवासी तारक धाम पंचानन पुर तेजपुर ऊधम सिंह नगर ने धोखे में जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसे हालत बिगड़ने पर डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में 26 वर्षीय हर्षित मेहरा पुत्र देवेंद्र सिंह मेहरा निवासी देवलचौड़ बंदोबस्ती ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी भी एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डिवाइडर से टकराई कार, पति-पत्नी समेत तीन की मौत

सुल्तानपुर/यूपी
एजेंसी

सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।

सुल्तानपुर के स्थानीय थाना क्षेत्र कूरेभार के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सेउर गांव के पास शुक्रवार सुबह बिहार की ओर जा रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पति-पत्नी व पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में कार पर सवार पति-पत्नी व एक अन्य महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कूरेभार सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर गांव के



पास शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे लखनऊ से बिहार की ओर जा रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार पर सवार बिहार के बिहिया आरा निवासी राम चंद्र गुप्ता (55), उनकी पत्नी माया देवी (52) पुत्र विकास (30) व आंटी चिंता देवी (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राम चंद्र गुप्ता, माया देवी व चिंता देवी की मौके पर मौत हो गई जबकि विकास बच गया। दुर्घटना की जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे यूपीडा कर्मी घायल विकास को सीएचसी कूरेभार ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून

विज्ञप्ति संख्याः 24208/सात लाई0-47/आबकारी नीति-2024/देहरादूनः दिनांकः21, फरवरी, 2024

## विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2024-25 की आबकारी नीति विषयक अधिसूचना संख्याः 148(1)/XXIII-1/2024-04(1)2024 दिनांक 21 फरवरी 2024 के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु देशी एवं विदेशी मदिरा एवं स्वदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:-

| क्रमांक | वितरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | समस्त देशी मदिरा/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के वर्ष 2024-25 हेतु नवीनीकरण प्रक्रिया के प्रारम्भ की तिथि | 24.02.2024 |
| 2. | फुटकर मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के पश्चात अवशेष अव्यवस्थिापित मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन प्रथम चरण की लॉटरी प्रक्रिया के प्रारम्भ की तिथि | 15.03.2024 |
| 3. | द्वितीय चरण की लॉटरी प्रक्रिया के प्रारम्भ की तिथि | 20.03.2024 |
| 4. | प्रथम आवक प्रथम पावर के सिद्धांत पर व्यवस्थापन की तिथि | 26.03.2024 |

जनपद में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों का नवीनीकरण एवं नवीनीकरण उपरांत अवशेष/अव्यवस्थापित मदिरा दुकानों को लॉटरी के माध्यम से प्रापत करने हेतु इच्छुक एवं अर्ह आवेदक जनपद की दुकानों की सूची, निर्धारित राजस्व की सूची, अन्य आवश्यक विवरण एवं शर्तें तथा व्यवस्थापन की सम्पूर्ण समय सारणी विभाग की वेकसाइट WWW.uttarakhandexcise.org.in तथा www.uk.gov.in से प्राप्त की जा सकती है एवं सम्बनिधत जनपद के कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी व कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून से भी प्राप्त की जा सकती है।

**नोटः**- प्रदेश आबकारी राजस्व हित में फुटकर मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन की समय सारिणी में आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सकेगा।

**(हरि चंद्र सेमवाल)**
**आबकारी आयुक्त**
**उत्तराखण्ड**

# अभिमत

## हिंसा के प्रति सख्ती

***इस मामले में गिरफ्तारी करने से पहले यह जरूर देखना होगा कि निर्दोष को दंडित न किया जाये। विशेष रूप से सड़क जाम के मामले में कई बार ऐसा होता है कि दुर्घटना में मरे व्यक्ति के परिवार वाले रोते-बिलखते रहते हैं और उपद्रवी तत्व सड़क जाम करके अव्यवस्था उत्पन्न कर देते हैं। पुलिस यातायात सुचारु करने के लिए भीड़ में असामाजिक तत्वों की पहचान न करके पीड़ित परिवार के करीबियों को समझाबुझाकर जाम खुलवा देती है और बाद में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लेती है। विधि आयोग की सिफारिश मंजूर करते समय निर्दोष को सजा नहीं देने का प्रावधान होना चाहिए।***

लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। जन सामान्य को समस्या के समाधान की मांग करने का अधिकार है। सरकार की नीति का विरोध करने का भी हक है। विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों को रैली, जनसभा तथा प्रदर्शन करने की आजादी है, लेकिन सड़क पर जाम लगाना, रेल यातायात रोक देना, ट्रेन, बस में तोड़फोड़ और आग लगाना तथा सरकारी व निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की छूट नहीं है। सियासी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता और समाज के उपद्रवी तत्व मामूली सी बात को लेकर सड़क जाम करके तोड़फोड़ करके अराजकता फैला देते हैं। अब सेवानिवृत्त न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने सुझाव दिया कि सड़कें जाम करने और तोड़फोड़ करने वालों पर सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति को हुए नुकसान का बाजार मूल्य के बराबर जुर्माना लगाया जाये और जुर्माने की वसूली होने के बाद ही दंगाइयों को जमानत दी जाये। यदि सम्पत्ति का मूल्य निकाल पाना संभव न हो तो अदालत जुर्माने की राशि तय कर सकती है। केरल में प्राइवेट सम्पत्ति को नुकसान से बचाने के लिए मुआवजा भुगतान अधिनियम लागू है। केन्द्र सरकार इसे भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में बदलाव कर पूरे देश में लागू कर सकती है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में हाल के कुछ वर्षों में देश में बड़े पैमाने पर विभिन्न मुद्दों को लेकर हिंसा में सम्पत्ति के नुकसान का भी उल्लेख किया है। वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे, 2015 में जाट और 2016 में पाटीदार आरक्षण को लेकर आंदोलन व हिंसा, वर्ष 2018 में भीमा कोरेगांव आंदोलन, 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में दिल्ली में आंदोलन तथा वर्ष 2020 में किसान आंदोलन और 2022 में पैगम्बर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर हिंसा तथा सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया गया। आयोग ने आपराधिक मानहानि के अपराध को बरकरार रखने की सिफारिश करते हुए यह भी कहा है कि दुर्भावनापूर्ण झूठ से बचाने और खुलेआम बोले जाने वाली बातों पर नियंत्रण करना जरूरी है, जिससे किसी व्यक्ति की छवि धूमिल न हो। वर्ष 2023 में मणिपुर में हिंसा के दौरान भी सार्वजनिक सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। इस मामले में गिरफ्तारी करने से पहले यह जरूर देखना होगा कि निर्दोष को दंडित न किया जाये। विशेष रूप से सड़क जाम के मामले में कई बार ऐसा होता है कि दुर्घटना में मरे व्यक्ति के परिवार वाले रोते-बिलखते रहते हैं और उपद्रवी तत्व सड़क जाम करके अव्यवस्था उत्पन्न कर देते हैं। पुलिस यातायात सुचारु करने के लिए भीड़ में असामाजिक तत्वों की पहचान न करके पीड़ित परिवार के करीबियों को समझाबुझाकर जाम खुलवा देती है और बाद में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लेती है। विधि आयोग की सिफारिश मंजूर करते समय निर्दोष को सजा नहीं देने का प्रावधान होना चाहिए।

# नैनीताल में लेक ब्रिज चुंगी का टेंडर खोला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





नगर के लेक ब्रिज चुंगी व अन्य चार पार्किंगों का शुक्रवार को निविदा खोली गई,जिसमे लेक ब्रिज चुंगी के लिए उमेश चंद्र मिश्रा द्वारा दो करोड़ 16 लाख 11 हजार एक सौ 11 रुपये का टेंडर डाला गया था जबकि नवीन अग्रवाल द्वारा दो करोड़ 15 लाख 61 हजार का टेंडर डाला गया था। जबकि पालिका ने लेक ब्रिज चुंगी का बेस प्राइज दो करोड़ 15 लाख रखा गया था।

ऐसे में अगले एक साल के लिए उमेश चंद मिश्रा को लेक ब्रिज चुंगी का संचालन दिया गया है।जबकि बीते वर्ष लेक ब्रिज का ठेका एक करोड़ 90 लाख में दिया गया था।जिससे पालिका को इस वर्ष करीब 16 लाख का अधिक मुनाफा हुआ है।

डीएसए व अन्य चार पार्किंगों के लिये नही आये कोई आवेदन। डीएसए व शहर की अन्य चार पार्किंगों के लिए कोई आवेदन नही आने से दुबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है।और जल्द ही दुबारा से पार्किंगों के टेंडर खोले जाएंगे।अशोक पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख रुपये रखा गया है।वही डीएसए पार्किंग एक करोड़ चालीस लाख, व अन्य चार छोटी पार्किंगों का 55 लाख रुपये बेस प्राइज रखा गया है। ठेकदार से कब्जे में लेने के बाद पहली बार ओपन टेंडर के लिए रखी गयी अशोक पार्किंग की निविदा 27 फरवरी को खोली जानी है।

बता दें कि नगर पालिका की ओर से फरवरी पहले सप्ताह में लेकब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी। जिसमें लेक ब्रिज चुंगी के लिए 2.15 करोड़ व डीएसए पार्किंग के लिए 1.40 करोड़ न्यूनतम धरोहर राशि निर्धारित की गई थी। बीते सोमवार को पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा समेत टेंडर कमेटी के समक्ष टेक्निकल बिट खोली गई। लेकब्रिज चुंगी के लिए तीन लोग उमेश चंद्र मिश्रा, प्रदीप सिंह बोरा, नवीन अग्रवाल ने आवेदन किया था। जांच में दस्तावेज पूरे नहीं होने पर प्रदीप सिंह बोरा का आवेदन रद्द कर दिया गया, जबकि अन्य दो आवेदकों के दस्तावेज पूरे मिले थे।

## भाजपा कार्यकर्ता हेम ने सुनीं ग्रामीणों की जनसमस्याएं

**नैनीताल ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता व पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेम चंद्र आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधान सभा के तहत ऊंचाकोट, ओड़ाबास्कोट, रिकौली, हरिनगर तथा आमबाड़ी क्षेत्रों के साथ ही पंगूट-बेतालघाट मोटर मार्ग का सघन दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों की जनसमस्याओं को विस्तार से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि समस्याओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनका हर संभव समाधान किया जाएगा।

आर्य ने इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका प्राथमिकता से लाभ उठाने की गुजारिश की। भ्रमण के दौरान आर्य के साथ ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह, उमेश जोशी, कैलाश जोशी, ममता बिष्ट, महेंद्र सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट, गणेश बोरा, गणेश कंडारी, कुंदन, धीरज सिंह, प्रेम प्रकाश,नंदी राम,भगत सिह बोरा तथा नंदन सिंह बोहरा आदि शामिल थे।

## आंचल और कनिका का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता





नगर की कत्थक नृत्यांगना आंचल जोशी और कनिका तिवारी का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित नृत्य समारोह के 50 वे स्वर्णजयंती के अवसर पर कत्थक कुंभ का आयोजन किया गया। इसमें हल्द्वानी की आंचल जोशी और कनिका तिवारी ने भी प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया। इन्होंने कार्यक्रम में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इनको शुभकामनाएं दीं। दोनों ही बालिकाओं ने नुपुर नृत्य कला केंद्र में कत्थक की शिक्षा प्राप्त की हैं। उन्होंने दिल्ली से कत्थक में मास्टर डिग्री हासिल की हैं। दोनो ही बच्चो ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर हल्द्वानी का नाम रोशन किया है।

## एडीसीओ प्रतिभा ने पदभार ग्रहण किया



**रुद्रपुर।** ऊधम सिंह नगर जिला सहायक निबंधन कार्यालय में नव नियुक्त एडीसीओ प्रतिभा गोयल ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सहकारिता विभाग के तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। एडीसीओ सहकारिता प्रतिभा गोयल ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि सहकारिता विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सहकारिता विभाग को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्य में पारदर्शिता लाए और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

## राज्य मंत्री भट्ट ने की पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात

**रुद्रपुर।** गुरुवार को केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही उनसे मार्गदर्शन व आशीर्वाद लिया।

# फिल्मी दुनिया

## सलमान खान ने बना दिया फैंस का दिन, फंकी लुक में दी प्यारी सी मुस्कान



*सलमान खान इस नए एयरपोर्ट लुक में कुछ हटकर दिखे। सुबह जब वह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनका यह लुक देखकर फैंस हैरान रह गए। वहीं, सलमान के चेहरे पर दिखी प्यारी सी मुस्कान ने तो कमाल ही कर दिया। बॉलीवुड के दबंग खान यूं तो हर बार स्टाइल में ही दिखते हैं, लेकिन उनके इस लेटेस्ट स्टाइल का तो कुछ जवाब ही नहीं है! सलमान इस नए एयरपोर्ट लुक में कुछ खास नजर आए। सुबह जब वह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनका ये लुक देखकर फैंस हैरान रह गए। वहीं, सलमान ने भी एक प्यारी सी मुस्कान के साथ देखकर सबका दिन बना दिया। अब ऐसा हो सकता है कि जहां सलमान हों, वहां शेरा ना हो, नहीं ना! तो सलमान के बॉडीगार्ड शेरा खान भी उनके साथ नजर आए। सलमान का ये फंकी एयरपोर्ट वाकई कुछ अलग दिखा। तस्वीर में साफ नजर आ रहा है कि वह स्टाइलिश लुक में एक ड्रेपर की तरह दिखे। नीले रंग की टी शर्ट के साथ उन्होंने ब्लैक रंग की जाकेट पहनी थी। उनकी पैंट भी कम स्टाइलिश नजर नहीं आई! उनकी पैंट की जेबों पर पर ब्राउन कलर के पैचेज थे। उनके लुक को बेहतरीन दिखाया उनकी विंटेज कैप और काले रंग के जूतों ने।*

### नहीं करते नजरअंदाज

*कार से उतरते ही सलमान कुछ ऐसे हंसे कि उनका चेहरा देखते रह जाओ। ऐसा लगा जैसे शायद शेरा और सलमान के बीच कोई बात हुई और वह हंस पड़े। एयरपोर्ट में अंदर जाने से पहले उनकी मुलाकात बाबा सिद्दिकी से हो गई और इसके बाद ही वह अंदर गए। सलमान ज्यादातर मौकों पर खुश ही नजर आते हैं चाहे वह घर में हों या घर के बाहर। फैंस कहीं दिख जाएं, तो उन्हें कभी नजरअंदाज नहीं करते। अपने व्यवहार से सलमान बॉलीवुड ही नहीं, फैंस के दिलों पर भी राज करते हैं।*

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## बीडी पांडे अस्पताल में छः माह में 700 से अधिक लोगों की सफल आपरेशन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में तैनात सर्जन व डाक्टरों ने अपनी अथक मेहनत के बलबूते बीते 6 महीनों में 700 से अधिक लोगों की सफल आपरेशन करने में कामयाबी हासिल की है। डाक्टरों व सर्जन की इस अहम कामयाबी के चलते नैनीताल जिला मुख्यालय से जुड़े गांवों तथा कुमाऊं मंडल के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज यहां पहुंचकर अपना उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं तथा डाक्टरों व सर्जन की सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

बता दें कि जिला अस्पताल में रोजाना करीब 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं जिसमें कई मरीज सर्जरी कराने भी यहां पहुंचते हैं। जिला अस्पताल से मिले आंकड़ों पर अगर गौर करें तो अस्पताल में बीते 6 महिनों में अब तक 723 मरीजों की सफल सर्जरी की जा चुकी है जिसमें 172 मेजर व 331 माइनर सर्जरी की गई हैं, इसके साथ ही 200 मरीजों के आंखों की सर्जरी की गई हैं।

जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि जिला अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को हर संभव बेहतर उपचार देने की कोशिश जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से की जाती है। बताया कि जिला अस्पताल में बीते 6 माह में 100 फीसदी सफल ऑपरेशन किये गए हैं।

# बनभूलपुरा क्षेत्र से कर्फ्यू हटने के बाद शुक्रवार को नमाज को लेकर मस्जिदों में भीड़

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बनभूलपुरा क्षेत्र से कर्फ्यू हटने के बाद शुक्रवार को नमाज को लेकर मस्जिदों में भीड़ रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अता की चैनो-अमन की दुआएं की। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि आठ फरवरी को मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ध्वस्त करने के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। उपद्रवियों ने पथराव करते हुए पुलिस के साथ ही नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर हमले बोले थे। जिसमें कई घायल हो गए थे। इसके अलावा बनभूलपुरा थाने के साथ-साथ कई सरकारी और निजी वाहनों को भी फुंक दिया गया। इधर अब कर्फ्यू हटने के बाद शुक्रवार को मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अता करने के लिए मस्जिदों में भीड़भाड़ रही। लोगों ने मस्जिदों में नमाज अता कर चैनो-अमन की दुआएं की। साथ ही मौलानाओं ने अमन-चैन कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग किसी के उकसावे में न आएं और सोशल मीडिया इत्यादि में भड़काऊ वीडियो व अन्य सामग्री पोस्ट न करें। यदि कोई ऐसा करता है तो इसकी सूचना पुलिस-प्रशासन को दें। मौलानाओं ने कहा कि यह पवित्र देवभूमि है। साथ ही हल्द्वानी गंगा-जमुना की तहजीब है। लिहाजा अमन-चैन कायम रखने में सभी सहयोग करें। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस और पीएसी क्षेत्र में तैनात रही।

## वनभूलपुरा हिंसा मामले में अब तक 78 दंगाई गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



वनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा के आरोपियों की धर पकड़ जारी है। पुलिस अब तक 78 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी है।

वहीं हिंसा के मास्टर माइंड सहित अन्य लोगों की तलाश में देश के कई राज्यों में पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। पुलिस पूर्व में ही मास्टर माइंड अब्दुल मलिक सहित अन्य की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। हिंसा के बाद अब वनभूलपुरा क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। वहीं पुलिस और प्रशासन की ओर से लोगों की मदद की जा रही है। पुलिस ने लोगों से शांति कायम रखने के साथ ही भाईचारा कायम रखने की अपील की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दंगे में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। अब तक 78 आरोपी गिरफ्तार किए जा रहे हैं जबकि और दंगाइयों के चिन्हिकरण की कार्रवाई चल रही है। पुलिस का कहना है कि निर्दोष जनता को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वह शांति बहाली कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही उपद्रवियो के संबंध में भी पुलिस को सूचित करें ताकि उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जा सके।

**तलाश जारी**

- **उपद्रवियों को पकड़ने के लिए पुलिस का अभियान जारी**
- **पुलिस बोली- बख्शे नहीं जाएंगे माहौल बिगाड़ने वाले आरोपी**

## News कॉर्नर

### बिना डीएल बाइक दौड़ाने वालों के खिलाफ अभियान

**नैनीताल।** यातायात पुलिस ने नैनीताल में बिना डीएल बाइक दौड़ाने वालों के खिलाफ अभियान चला दिया है। अभियान के तहत यातायात पुलिस ने एक बाइक सीज करने के साथ आठ दो पहियां वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि नैनीताल में इन दिनों युवक व नाबालिक बिना ड्राईविंग लाइसेंस के सडकों पर दो पहिंया वाहन दौड़ा रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। यातायात पुलिस ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस दो पहिंया वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। यातायात पुलिस की ओर से माल रोड में तेज गति में बाइक दौड़ा रहे लोगों को रोककर चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान यातायात नियमों के उलंघन करने व दस्तावेज न होने पर बाईक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात उप निरीक्षक हरीश फर्त्याल ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक दौड़ाने पर एक बाइक सीजए दो के कोर्ट चलान व यातायात नियमों के उलंघन करने पर छह अन्य लोगों के चालान किए गए हैं। बताया कि अभियान लगातार चलाया जाएगा।

### नवांगतुक नगर आयुक्त मिश्रा ने चार्ज लेने के बाद गिनाईं प्राथमिकताएं

**हल्द्वानी।** वर्ष 2018 बैच के आईएएस आफिसर विशाल मिश्रा ने नगर आयुक्त का चार्ज लेने के बाद अपनी प्राथमिकताएं बताईं। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवांगतुक नगर आयुक्त मिश्रा ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही पथ प्रकाश व्यवस्था, एनयूएलएम के तहत लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के सवाल पर मिश्रा ने कहा कि यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जब सरकारी भूमि बचेगी तभी लोगों को सुविधाएं मुहैया कराना आसान होगा। मिश्रा ने बताया कि रूदपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि निगम कार्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए प्लास्टिक रिसाइकलिंग के लिए मशीन लगाई जाएगी। गौरतलब है कि मिश्रा की पहली तैनाती अल्मोड़ा में बतौर ट्रेनी आइएएस के तौर पर हुई। इसके बाद वह रुद्रपुर में उपजिलाधिकारी, नगर निगम रुद्रपुर में नगर आयुक्त और ऊधमसिंह नगर के सीडीओ पद पर भी रहे।

# ट्रांजिट कैंप में भारत फुटवियर में धधकी आग, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



थाना ट्रांजिट कैंप के मेन रोड पर स्थित एक फुटवियर में अज्ञात कारणों के चलते आग गई। दुकान में आग लगते देख आस पास दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार सामान समेटते नजर आए। सूचना पर दमकल विभाग की कई गाडियां पहुंची और कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि आग से दुकान में रखा सामान जल कर राख हो गया। बताया जाता है कि जलीस निवासी ईदगाह खेड़ा कालोनी रुद्रपुर की ट्रांजिट कैंप मेन रोड पर भारत फुटवियर के नाम से दुकान है। शुक्रवार को दुकान जलीस के बेटे उवैस ने खोली। करीब 11 बजे के आस पास दुकान में धुआं निकलने लगा। बताया जा रहा है कि आग की लपटें निकलने लगी। तभी आस पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानों से लोग सामान निकालने लगे। तभी किसी ने आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के सीएफओ कर्मियों के साथ वाहन लेकर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। थाना ट्रांजिट कैंप से भी फोर्स पहुच गई। पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया। बताया जा रहा कि दुकान स्वामी कल शाम को सामान लेने के लिए आगरा गया। सामान लेने कल शाम आगरा गये है। सीएमओ ईशान कटारिया ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग से कितना नुक़सान हुआ है,इसका आकलन किया जा रहा है।

**घटना**

- **पुलिस आग के कारणों का पता लगा रही हैं,कई लाख का सामान जलकर राख**
- **दमकल कर्मियों को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत**

# पुलिस का शहरी क्षेत्र के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों म गश्त शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की तल्लीताल पुलिस ने शहरी क्षेत्र के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त करना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में गश्त कर पुलिस की ओर से नशे व आपराधिक क्रिया कलापों पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि तल्लीताल थाना क्षेत्र में कई गांव भी शामिल हैं।

गांव शहर से दूर होने के चलते कई बार पुलिस व लोगों के बीच लंबी दूरी बन जाती है जिसके चलते गांव क्षेत्र में लोगों की समस्याएं पुलिस तक नहीं पहुंच पाती हैं। पुलिस न पहुंचने पर कई आपरधिक क्रियाकलाप व नशे का अवैध कारोबार ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से चलता है लेकिन इन दिनों तल्लीताल पुलिस की ओर से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त की जा रही है साथ ही ग्रामणों से संवाद स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों की जानकारियां भी ली जा रही हैं ताकि लोग क्षेत्र में होने वाले नशे के कारोबार व आपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद के चलते एक सप्ताह पूर्व ही पुलिस ने बाना गांव में पांच लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में अब तल्लीताल पुलिस लगातार ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों से संवाद कर क्षेत्र में नजर रख रही है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि इस विशेष अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से संवाद स्थापित कर लोगों का पुलिस से जुड़ाव रहेगा साथ ही क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की पुलिस को जानकारी रहेगी।

बताया कि अब तक पुलिस की ओर से पटवाड़ागर, देवीधूरा समेत पापड़ी, बेल व बाना क्षेत्र में लागों से संवाद किया है। यह अभियान लगातार चलाया जाएगा।

# लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्मदिन को चिन्तन दिवस के रूप में मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विश्व चिंतन दिवस के मौके पर गुरुवार को नैनीताल जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्काउट- गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्मदिन को चिन्तन दिवस के रूप में मनाया गया।

चिन्तन दिवस के मौके पर स्काउट संस्था के मार्ग दर्शन मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल में सात दिवसीय स्काउट गाइड बेसिक कोर्स का शुभारंभ प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त राम सिंह नेगी द्वारा किया गया साथ ही चिंतन दिवस पर विशेष सत्र का आयोजन कर प्रशिक्षुओं को स्काउट आंदोलन की जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण में लीडर ऑफ द कोर्स के रूप में जगन्नाथ गोस्वामी तथा बेसिक गाइड कैप्टन प्रशिक्षण की लीडर ऑफ द कोर्स के रूप में दीपा पांडे के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण में सुशीला जोशी, भारत नंदन उपाध्याय तथा देवेन्द्र कुमार आदि द्वारा प्रशिक्षक के रूप में योगदान गया। प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त राम सिंह नेगी द्वारा चिंतन दिवस के महत्तवपूर्ण अवसर पर प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाने पर सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए राष्ट्र के निर्माण में निस्वार्थ रूप से स्काउट भावना से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डा.विमल किशोर, डा.संजय गुरूरानी, डा. हेम चन्द्र तिवारी, डा. प्रेम सिंह मावडी, डा. ज्योति मिश्रा, कविता मेहरा तथा कुसुमलता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### साइबर अपराध से बचने को जन जागरुकता कार्यक्रम

**नैनीताल ।** अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज की लीगल लीट्रेसी क्लब की छात्राओं की ओर से गुरुवार को साइबर अपराध ऑन लाईन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया घोटोलों के संबंध में जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत क्लब से जुड़ी छात्राओं की ओर से तल्लीताल नया बाजार में दुकानदारों से मुलाकात कर साइबर अपराध के तरीके तथा सोशियल मीडिया का दुरुपयोग तथा उससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गयी। अभियान में प्रवक्ता जयश्री तथा दीपा आर्या के साथ ही लीला आर्या समेत क्लब की ओर से बानी, हर्षिका, छाया, दिव्या, लतिका, पाखी, खुशी, मोनिका तथा मनीषा आदि छात्राएं शामिल रही। अभियान के दौरान संस्था की प्रधानाचार्या रेखा नेगी ने क्लब से जुड़ी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### एक और दबोचा अवैध शराब के साथ तस्कर




**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव के मध्येनजर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चल रहे नशा तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत रम्पुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक और शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कच्ची शराब बरामद की। रम्पुरा चौकी इंचार्ज एसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का यह अभियान आगामी लोकसभा निर्वाचन की दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब की रोकथाम और बिक्री करने वालों के विरुद्ध चल रहा। अभियान के तहत पुलिस ने एक अवैध शराब की तस्करी करने वाले को गिरफ्तार किया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस गुरुवार की शाम को सत्येंद्र सागर निवासी बाल्मीकि बस्ती खेड़ा वार्ड 19 रुद्रपुर को दबोच लिया। उसके पास से अवैध शराब बरामद हुई। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस की टीमें नशे के सौदागरों पर नजर रखे हुए हैं। टीम में पुलिस टीम में चौकी प्रभारी के अलावा महेंद्र कुमार,अमित जोशी आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



देहरादून के मल्टीपरपस हाल, परेड ग्राउंड में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होने जा रही नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप 2023-24 में प्रतिभाग करने के लिए जिले टीम रवाना हो गई। जु-जित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती ने ऑनलाइन वीडियो कॉल कर शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस दौरान चुघ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी हमेशा अपने शानदार खेल से जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में जा रही टीम सर्वाधिक पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेंगे।जानकारी देते हुए भारती ने बताया कि खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साईं द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 23 से 25 फरवरी तक देहरादून में अयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 100 से अधिक रैफरी एंड ऑफिशियल्स सहित लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के नेङ्कवाजा, फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डूओ एंड शो इवेंट्स में अपना जौहर दिखाएंगे। राज्य के खिलाड़ी पिछले आठ वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर चैंपियन विजेता रही है एवं राज्य के दो खिलाड़ियों ने 19वें एशियाई खेलों, चीन में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि टीम में महिला खिलाड़ी प्रिया विश्वास, रूनु शर्मा, हर्षिता सिंह, आकृति कौर, कताक्षा कौर, लोरी, शिवानी, कौशल्य गुप्ता, कंचन बसेरा और कमल सिंह, अभिषेक राजपूत, जय प्रकाश, हैप्पी सिंह, बलविंदर सिंह, कैफ खान, जय लोहनी, क्षितिज सिंह, मनीष अरोरा शामिल हैं।

**खेलकूद**

- **देहरादून में आयोजित हो रही है प्रतियोगिता**